DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

www.delhi.nbt.in । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 12 अक्टूबर 2022



DATED

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 12 अक्टूबर, 2022

### महिला की मौत के बाद अधिकारी पर केस दर्ज करने की मांग

# द्वारका में नजर आए मौत के फुटपाथ, कई जगह धंसे

विशेष संवाददाता, नई दिल्ली



अब भी कई जगहों पर सिविक एजेंसियों की लापरवाही देखी जा सकती है

**पिछले दिनों** द्वारका में मेला देखकर लौट रही एक बुजुर्ग महिला की फुटपाथ पर चलने के दौरान खुले नाले गिरने से मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर द्वारका के लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। लोग संबंधित थाने के एचएसओ से इस मामले में डीडीए के चीफ इंजीनियर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर उन्होंने शिकायत भी दी है। लोगों का कहना है कि उन्होंने पहले भी इसे लेकर कई बार डीडीए के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया।

ऑल द्वारका रेजीडेंट्स फेडरेशन की तरफ से 11 जुलाई को एक लेटर के जरिए द्वारका के खुले ड्रेन और मैनहोल को लेकर शिकायत की गई थी। इसमें बताया गया था कि आने वाले दिनों में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। फेडरेशन का आरोप है कि यदि उस समय कार्रवाई की होती तो महिला की जान बच जाती। उक्त हादसा दशहरे के दिन 5 अक्टूबर को हुआ था। इस हादसे में भरत विहार की सुधा देवी की मौत हो गई थी।

NBT रिएलिटी चेक

### यहां भी हो सकता है हादसा

द्वारका सेक्टर-6 के पाकेट 6 में स्थित शिवलोक अपार्टमेंट के पास करीब पांच मीटर फुटपाथ अचानक धंस गया। इसी तरह सेक्टर 18बी में भी करीब तीन मीटर तक फुटपाथ ढह गया है। अगर अंधेरे में यहां से कोई गुजरेगा तो हादसा होना तय है। इसके अलावा कई अन्य जगहों पर यह स्थिति अभी भी कायम है।

### मिलता था एक ही जवाब

फेडरेशन ऑफ सीजीएचएस द्वारका की अध्यक्ष सुधा सिन्हा के अनुसार कई बार खराब फुटपाथ की शिकायत की गई है, लेकिन हर बार एक जवाब मिलता है कि टेंडर जारी करेंगे। डीडीए के कर्मचारियों को चाहिए कि समय-समय पर द्वारका की सड़कों, ड्रेन का निरीक्षण करें और जहां भी कमी नजर आए उसे दुरुस्त करें। द्वारका के फुटपाथ ड्रेन पर बने हुए हैं इसलिए यह काफी खतरनाक है। ऑल द्वारका रेजीडेंट्स फेडरेशन के अध्यक्ष अजीत स्वामी ने बताया कि द्वारका नॉर्थ थाने में शिकायत की गई है। हम चाहते हैं कि डीडीए के चीफ इंजीनियर एस. के. खरे के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज हो।

### पुलिस कर रही अलर्ट

5 अक्टूबर को महिला की मौत के बाद खराब फुटपाथ को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारका के विभिन्न वॉट्सऐप ग्रुप पर लोगों को फुटपाथ से जुड़े अपडेट बता रही है। ट्रैफिक की तरफ से लोगों को इसे लेकर सावधान भी किया जा रहा है ताकि अब और हादसे न हों।

**बढ़ रहा गुस्सा**

- लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप
- थाने में दी गई डीडीए के चीफ इंजीनियर के खिलाफ शिकायत

### लोगों ने चीफ इंजीनियर को बताई थी समस्या

भरत विहार के प्रधान मारीदास ने बताया कि द्वारका में फुटपाथ पर चलने से हादसे होना आम है। अब तक लोगों के पैर में फैक्चर हो रहा था। अब मौत भी होने लगी है। फुटपाथ पर हादसों के डर से लोग यहां सड़कों पर चलते हैं। कई बार डीडीए को बताया गया है। द्वारका फोरम के अध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि कई बार इसके बारे में डीडीए को बताया गया। डीडीए के चीफ इंजीनियर एस. के. खरे से मुलाकात कर उन्हें समस्या की गंभीरता भी बताई। साथ ही बताया कि ड्रेन में गिरने की कई घटनाएं हो चुकी है। इनमें कुछ लोगों के पैर की सर्जरी करनी पड़ी है।



रात के समय इन जगहों से गुजरने वालों को रहता है हादसे का अंदेशा



सेक्टर 18बी में भी करीब तीन मीटर तक फुटपाथ धंस गया है

# हर दो किमी पर छठ घाट बनाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: दिल्ली नगर निगम और डीडीए के पार्कों में छोटे तालाब बनाए जाएंगे जहां श्रद्धालु छठ पूजा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर मंगलवार को मंडलायुक्त केआर मीना की अध्यक्षता में दिल्ली सरकार की हुई बैठक में दिल्ली तीर्थ यात्रा विकास समिति, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), राजस्व विभाग, दिल्ली पुलिस और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

दिल्ली तीर्थ यात्रा विकास समिति के प्रमुख कमल बंसल ने कहा कि सरकार छठ पूजा उत्सव के लिए लगभग 1,100 स्थलों को तैयार करने की योजना बना रही है। इसके तहत हम हर दो किलोमीटर पर छठ घाट बनाने की कोशिश कर रहे हैं। शहर भर में नगर निगम और डीडीए के पार्कों में छोटे तालाब बनाए जाएंगे जहां श्रद्धालु छठ पूजा कर सकेंगे। दीवाली के बाद मनाए जाने वाले छठ पर्व में व्रती महिलाओं को घुटने तक गहरे पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देना होता है। बंसल ने कहा कि सभी घाटों पर टेंट लगाए जाएंगे और छठ पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा से बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को तैनात किया जाएगा।

दिल्ली में छठ पर्व के लिए राजस्व विभाग नोडल विभाग है। पिछले हफ्ते राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने भी छठ पूजा समारोह की तैयारी की समीक्षा की थी। कोविड काल के बाद दिल्ली सरकार इस बार बड़े स्तर पर छठ पूजा का आयोजन करने की तैयारी में है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------------------------------------DATED---------------------

हिन्दुस्तान

# इंदौर की तर्ज पर कॉलोनियों में कूड़े का निपटारा होगा




**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली में कूड़े की समस्या को खत्म करने और लैंडफिल साइटों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए डीडीए नई योजना पर काम कर रहा है।

इंदौर की तर्ज पर अब डीडीए की नई बनने वाली कॉलोनियों में ही कूड़े के निपटान की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए आवासीय कॉलोनियों में छोटे-छोटे फिक्स्ड कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन (एफसीटीएस) लगाए जाएंगे, जिससे संबंधित कॉलोनी के कूड़े का निपटान वहीं किया जा सकेगा। कॉलोनियों में खाद बनाने के साथ-साथ घरों से गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने के बाद ही उठाया जाएगा। बता दें कि राजधानी दिल्ली में प्रतिदिन लगभग छह से आठ हजार टन कूड़ा लैंडफिल साइटों पर पहुंचता है। विशेषज्ञों के अनुसार इनमें से करीब 60 फीसदी कूड़ा आवासीय कॉलोनियों का होता है।

**56 कॉलोनियां जीरो वेस्ट घोषित :** दिल्ली में कूड़े का मौके पर ही निपटान किए जाने की दिशा में निगम की ओर से पहले से ही कार्य किया जा रहा है। बीते महीने दिल्ली की 56 कॉलोनियों और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी को जीरो वेस्ट कॉलोनी घोषित किया गया था। जिन कॉलोनियों को जीरो वेस्ट घोषित किया गया था, उनको संपत्ति टैक्स में 5% की प्रोत्साहन छूट दी जाएगी।

**कूड़े का निस्तारण नहीं हो रहा :** गाजीपुर लैंडफिल साइट पर कूड़े का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। डेम्स विभाग के सूत्रों का कहना है कि मार्च 2022 तक 25 फीसदी कूड़े का निस्तारण हो जाना चाहिए था, लेकिन सितंबर और अक्तूबर में हुई बारिश की वजह से यह नहीं हो सका।

### एफसीटीएस कैसे काम करता है

फिक्स्ड कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन (एफसीटीएस) प्रणाली के तहत ऑटो टिपर वाहनों द्वारा जमा कचरे को एफसीटीएस पर लाया जाता है और कॉम्पेक्टर यूनिट के बिन में छोड़ा जाता है। इसकी क्षमता लगभग तीन क्यूबिक मीटर होती है। बिन में कचरा कॉम्पेक्टर के चार्ज बॉक्स में डाला जाता है। यहां इसे प्रोसेस कर प्लास्टिक, कपड़े, लोहे की वस्तुएं आदि अलग कर ली जाती हैं। रिसाइकल की जाने वाली वस्तुओं को अलग करने के बाद अन्य को डंपिंग ग्राउंड या अन्य प्रोसेसिंग प्लांट पर भेज दिया जाता है।

## प्रदूषण से निपटने के उपायों पर मंथन

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के प्रबंधन को लेकर राज्यों द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा के लिए राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस दौरान उन्होंने संभावित प्रदूषण से निपटने के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली।

बैठक में जिन प्रमुख क्षेत्रों के बारे में चर्चा की गई, उनमें कृषि पराली जलाना, औद्योगिक प्रदूषण, डीजल जेनरेटर सेटों से प्रदूषण, वाहनों से होने वाला प्रदूषण, सड़क और खुले क्षेत्रों से धूल के साथ-साथ निर्माण और तोड़फोड़ के कार्यों से उत्पन्न धूल शामिल है। बैठक में हरियाणा के सीएम मनोहर लाल, दिल्ली के मंत्री गोपाल राय मौजूद रहे।

### पूरे एनसीआर में पटाखों पर प्रतिबंध लगे : राय

बैठक में गोपाल राय ने कहा, दूसरे राज्यों से दिल्ली के अंदर केवल सीएनजी या इलेक्ट्रिक वाहन ही आएं। एनसीआर के राज्यों में भी पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए।

## छठ पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक

**नई दिल्ली।** कोविड के बाद दिल्ली में दो साल बाद बड़े स्तर पर छठ पूजा के आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर मंडलायुक्त आर मीणा ने सभी विभागों के साथ छठ पूजा घाटों के तैयार करने व सुविधाओं की तैयारी को लेकर बैठक की। बैठक में दिल्ली तीर्थ यात्रा विकास समिति के अध्यक्ष कमल बंसल समेत लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, दिल्ली पुलिस, राजस्व, डीडीए, सिंचाई समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। दिल्ली सरकार इस बार करीब 1100 घाट बना रहा है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

millenniumpost
NEW DELHI | WEDNESDAY, 12 OCTOBER, 2022

## SMALL PONDS TO COME UP IN MCD AND DDA PARKS FOR PEOPLE TO PERFORM CHHATH PUJA

**NEW DELHI:** Small ponds will be made in MCD and DDA parks across Delhi where devotees can perform Chhath Puja, a city government official said on Tuesday after a review meeting ahead of the festival. The meeting was attended by senior officials of the Delhi Tirth Yatra Vikas Samiti, Public Works Department, Delhi Development Authority, Municipal Corporation of Delhi, Revenue department, Delhi Police and Irrigation and Flood Control. Kamal Bansal, who heads the Delhi Tirth Yatra Vikas Samiti, said the government plans to prepare around 1,100 sites for Chhath Puja celebration.

पंजाब केसरी

## छठ के लिए पार्कों में बनेंगे छोटे-छोटे तालाब



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के एमसीडी और डीडीए पार्कों में छोटे तालाब बनाए जाएंगे जहां व्रति छठ पूजा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर मंगलवार को मंडलायुक्त के आर मीणा की अध्यक्षता में दिल्ली सरकार की हुई बैठक में दिल्ली तीर्थ यात्रा विकास समिति, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), राजस्व विभाग, दिल्ली पुलिस और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। दिल्ली तीर्थ यात्रा विकास समिति के अध्यक्ष कमल बंसल ने कहा कि दिल्ली सरकार छठ पूजा उत्सव के लिए लगभग 1,100 स्थलों को तैयार करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि हम हर दो किलोमीटर पर छठ घाट बनाने की कोशिश कर रहे हैं। शहर भर में एमसीडी और डीडीए के पार्कों में छोटे तालाब बनाए जाएंगे, जहां व्रति छठ पूजा कर सकेंगे। दिवाली के बाद मनाए जाने वाले छठ में महिलाओं को घुटने तक गहरे पानी में सूर्य देव की उपवास करके अर्घ्य देना शामिल है। बंसल ने कहा कि सभी घाटों पर टेंट लगाए जाएंगे और छठ पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा से बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को तैनात किया जाएगा।

अमर उजाला

## समस्याओं के समाधान को लेकर ग्रामीणों ने कमर कसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली ग्राम पंचायत संघ, दिल्ली प्रदेश ने गांवों की समस्याओं से जुड़ी अपनी 18 सूत्री मांगे पूरी कराने के लिए कमर कसनी शुरू कर दी है। वह अपने मिशन में कामयाब होने के लिए राजनीतिक दलों की मदद लेने के साथ-साथ ग्रामीण इलाके के नेताओं का भी समर्थन लेंगे। इस संबंध में उन्होंने दिल्ली के पूर्व मंत्री देवेंद्र शौकीन व कई अन्य नेताओं के साथ मिलकर रणनीति तय की है। संघ ने अपनी 18 मांगों के संबंध में प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व डीडीए के उपाध्यक्ष को भी ज्ञापन भेजा है। ब्यूरो

राष्ट्रीय सहारा

## छठ पूजा को बनाए जाएंगे छोटे-छोटे तालाब

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी में छठ पूजा के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के कई पार्क में छोटे-छोटे तालाब बनाए जाएंगे।इस बाबत एक समीक्षा बैठक बुलाई गई थी जिसमें दिल्ली तीर्थ यात्रा विकास समिति, लोक निर्माण विभाग, डीडीए, एमसीडी, राजस्व विभाग, दिल्ली पुलिस और सिंचाई और बाढ नियंत्रण के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली ग्राम पंचायत संघ ने गांवों की 18 मांगों को पूरा कराने के लिए अभियान तेज कर दिया है। संघ इन 18 मांगों के संबंध में प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व डीडीए के उपाध्यक्ष को ज्ञापन भेजा है। संघ के बैनर तले गत दो अक्टूबर को दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री चौ. ब्रह्म प्रकाश के पैतृक गांव शकूर पुर में हुई पंचायत में इन 18 सूत्री मांगों के संबंध में प्रस्ताव पास किया गया था।